(Pages : 4)

219

Sl. No.

SSLC MODEL EXAMINATION, FEBRUARY - 2017.

HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours

Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- प्रश्नपत्र वाचन और चिंतन के लिए **15** मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

Score

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़ें और **1** से **3** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी, उससे नज़र नहीं मिला पाई।

1. बेला साहिल से नज़र क्यों नहीं मिला पाई? 1

(क) साहिल को गुस्सा आएगा।

(ख) माटसाब साहिल को भी पीट लेंगे।

(ग) साहिल के सामने बेला लज्जित होना नहीं चाहती।

2. साहिल के प्रति बेला के मन में कौन-सा विचार उठ जाता है? 2

3. मान लें, इस घटना के संबंध में बेला अपनी डायरी में लिखती है। बेला की संभावित डायरी कल्पना करके लिखें। 4

P.T.O.

सूचना : यह कवितांश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मेरे गाँव को चीरती हुई
पहले, आदमी से बहुत पहले से
चुपचाप बह रही है वह पतली-सी नदी
जिसका कोई नाम नहीं;
तुमने कभी देखा है
कैसी लगती है बिना नाम की नदी ?

[चीरना - വിഭജിക്കുക, to separate]

4. नदी किस प्रकार बह रही है ? 1

(धीरे, चुपचाप, तेज़)

5. निम्नलिखित आशयवाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

एक बेनाम पतली नदी चुपचाप बह रही है।

6. 'नदियाँ जीवनदायिनी हैं। उसकी रक्षा प्राणिमात्र की रक्षा है।' - इस आशय पर एक पोस्टर तैयार करें। 4

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गंगी बोली, 'यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन-सा जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।' जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा - 'पानी कहाँ से लाएगी ?' 'ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?'

7. 'उसकी' - में निहित सर्वनाम क्या है ? 1

(वह, यह, उसे)

8. 'क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?' गंगी के इस कथन पर अपना विचार लिखें। 2

9. कहानी के इस प्रसंग की पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

Score

सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और **10** से **11** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

धुआँ कहाँ से निकलता? इस बार कोयला देना ही होगा। अब अगर गलती हुई तो सुधार की गुँजाइश न रहेगी क्योंकि तब तक सूरज ढल चुका होगा।

10. प्रस्तुत प्रसंग पर सत्यजीत राय और स्टोकर बाबू के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें। **4**

11. धुआँ कहाँ से निकलता? **1**

['धुआँ' शब्द के बदले 'हवा' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।]

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़ें और **12** से **14** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

12. समानार्थी शब्द कवितांश से पहचानकर लिखें। **1**

झूठ

13. 'महारथी' शब्द का विशेषण कवितांश से लिखें। **1**

(बड़े-बड़े, निहत्थी, अकेली)

14. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। **3**

सूचना : सही मिलान करें।

15. 3

बारिशों से पहले की बारिश का दिन	सबसे बड़ा शो मैन
पहले में ये पैसे बटोरूँगा	ठाकुर का कुआँ
गरीबों का दर्द कौन समझता है	बीरबहूटी

सूचना : संशोधन करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

16. हमने शूटिंग की सारी इंतज़ाम कर लिया था। 1

सूचना : यह खंड पढ़ें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दिल्ली में एक दिन संध्या प्रार्थना समाप्त होने के बाद एक बालिका ने बापू को पाँच रुपए दिए और उनके हस्ताक्षर माँगे। बापू ने हस्ताक्षर कर दिए। तब बालिका ने और कुछ लिख देने का आग्रह किया। पूछने पर बालिका ने कहा कि पिताजी तंबाकू की दुकान चलाते हैं। बापू ने तुरंत लिख दिया कि तंबाकू पीना बुरा है। [तंबाकू - tobacco]

17. यह घटना कहाँ हुई थी ? 1

18. मान लें, इस घटना का वर्णन करते हुए बालिका गाँव में रहनेवाले अपने मामाजी को एक पत्र लिखती है। वह पत्र कल्पना करके लिखें। 4

-o0o-